# 43065 - उम्रा में मक्का के लोगों का मीक़ात

**प्रश्न**

मक्का वाले उम्रा के लिए कहाँ से एहराम बाँधेंगे? यदि उनका ग्रीष्मकालीन विश्राम गृह “अल-हदा” में है (जो कि मीक़ात से पहले है), तो वे भी उम्रा के लिए कहाँ से एहराम बांधेंगे?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह के लिए योग्य है।

मक्का वाले उम्रा के लिए हरम की सीमा के बाहर से एहराम बांधेंगे जैसे कि तनईम (जो कि हरम की सीमा से बाहर है)। यदि वे गर्मियों के दौरान “अल-हदा” में रहते हैं तो वे उम्रा के लिए अपने स्थान से एहराम बांधेंगे ; क्योंकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने जब मीक़ात को निर्धारित किया तो फरमाया : “.. और जो मीक़ात के अंदर है तो वह उसी जगह से एहराम बांधेगा जहाँ से उसने उसका आरंभ किया है, यहाँ तक कि मक्का के लोग मक्का ही से एहराम बांधेंगे।” मुत्तफक़ अलैह। तथा सहीह बुखारी व सहीह मुस्लिम में प्रमाणित है कि आप सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को, जबकि उन्हों ने उम्रा का इरादा किया और वह मक्का में थीं, आदेश दिया कि वह हिल्ल (अर्थात हरम के बाहर) से एहराम बांधें।

और अल्लाह तआला ही तौफ़ीक़ प्रदान करने वाला है।